कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सीवान

पत्रांक ..... दिनांक .....

प्रेषक :– ई0 ज्योति प्रकाश सिंह,
कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, सीवान

सेवा में,

श्रीमन जिला पदाधिकारी,
सीवान।

विषय :– गोरख सिंह महाविधालय के भवन में केन्द्रीय विधालय, महाराजगंज को अस्थाई रूप से संचालित करने हेतु भवन के जॉचोपरांत ठोसता प्रमाण पत्र निर्गत करने के संबंध में।

प्रसंगः– भवदीय पत्रांक 506/सी0 दिनांक 05.03.2025 एवं सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल संख्या–01, सीवान का जॉच प्रतिवेदन का पत्रांक 81 दिनांक 06.03.2025

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में सहायक अभियंता, भवन अवर प्रमंडल संख्या–01, सीवान द्वारा केन्द्रीय विधालय, महाराजगंज को गोरख सिंह महाविधालय के भवन में अस्थाई रूप से संचालित करने हेतु गोरख सिंह महाविधालय, महाराजगंज भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षणोपरांत उनके द्वारा समर्पित जॉच प्रतिवेदन अनुसार स्थूल निरीक्षण में भवन की स्थिति ठोस एवं पठन पाठन हेतु उपयुक्त है।

अतः सहायक अभियंता द्वारा द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन के आधार पर पत्र निर्गत की तिथि से एक वर्ष तक गोरख सिंह महाविधालय, महाराजगंज के विधालय भवन में केन्द्रीय विधालय, महाराजगंज को अस्थाई रूप से संचालित करने हेतु भवन का ठोसता प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता है।

अतः सादर सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु समर्पित।

अनुलग्नकः– सहायक अभियंता के जॉच प्रतिवेदन
की छायाप्रति।

विश्वासभाजन

ई०

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सीवान।

ज्ञापांक 567 (सं०) दिनांक 06/03/2025

प्रतिलिपिः– अनुमंडल पदाधिकारी, महाराजगंज को सूचनार्थ एवं अग्रतर कार्रवाई हेतु अग्रसारित।

06/03/25

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, सीवान।